आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ23(46)लेखा/आकाशि/विविध/छात्रवृति/2023.24/ई8579/ दिनांकः—04.12.2024

समस्त प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
राजस्थान।

विषयः—राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिनांक 14.12.2024 को आयोजित राज्य/जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्कूटी वितरण के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिनांक 14.12.2024 को माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से वर्ष 2023—24 की स्कूटी वितरण किया जा रहा है। उक्त के क्रम में वर्ष 2023—24 की कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना तथा देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण योजना की अंतिम वरीयता सूची में सम्मिलित छात्राओं के दस्तावेजों को जमा करवाने के संबंध में निम्न कार्यों के क्रियान्वयन हेतु दिशा—निर्देश :—

1. समस्त प्राचार्य वर्ष 2023—24 की जारी अंतिम वरीयता सूची में सम्मिलित छात्राओं से सम्पर्क कर पात्रता की जांच हेतु दस्तावेज एकत्रित कर अपने जिले के नोडल महाविद्यालय को अनिवार्यतः जमा करवायें।
2. निजी महाविद्यालय के नोडल राजकीय महाविद्यालय अपने अधीन निजी महाविद्यालय में अध्ययनरत वर्ष 2023—24 की अंतिम वरीयता सूची में सम्मिलित छात्राओं के दस्तावेज भी अपने माध्यम से एकत्रित कर नोडल महाविद्यालय को जमा करवाना सुनिश्चित करें।
3. स्कुटी पंजीयन हस्तांतरण हेतु वर्ष 2023—24 की अंतिम वरीयता सूची में सम्मिलित छात्राओं के दस्तावेज (आधार—कार्ड की 2 प्रति, 2 पासपोर्ट साइज फोटो) एकत्रित कर नोडल महाविद्यालय की जमा करवाये।
4. स्कुटी पंजीयन हस्तांतरण हेतु फार्म संख्या 29—30 पर छात्राओं के हस्ताक्षर वांछित जगह पर करवाकर उक्त दस्तावेज अपने जिला नोडल महाविद्यालय को सुपूर्द करवाना सुनिश्चित करें।

नोटः— उक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से लेते हुए कार्य का सम्पादन दिनांक 05.12.2024 तक पूर्ण करने के पश्चात ही महाविद्यालय छोडे।

(प्रो. मुरारी लाल दायमा)
संयुक्त निदेशक (छात्रवृति)
कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर

क्रमांकः एफ23(46)लेखा/आकाशि/विविध/छात्रवृति/2023.24/ई8579/ दिनांकः—04.12.2024

प्रतिलिपिः—प्रभारी वेबसाइट, कॉलेज शिक्षा राज जयपुर विभागीय वेबसाइट पर अपलोड हेतु प्रेषित है।

संयुक्त निदेशक (छात्रवृति)

Signature valid
Digitally signed by Muraree Lal Dayma
Designation : Joint Director
Date: 2024.12.04 13:10:12 IST
Reason: Approved